सफलता ▶ पनपथा परिक्षेत्र के बेल्दी गांव से किया गया था रेस्क्यू

# बाघ को 6 दिन बाद जंगल में छोड़ा



**चिल्हारी नवभारत 4 जनवरी।** जिले के के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व मे 6 दिन से इन्क्लोजर में रखे एक बाघ को जंगल में छोड़ दिया गया। यह खबर बाघ प्रेमियों के लिए राहत भरी है। बाघ को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मगधी परिक्षेत्र के जंगल में छोड़ा गया है।

बताया जाता है कि अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक के एल कृष्णमूर्ति रविवार 4 जनवरी को इंक्लोजर पहुंचे। उन्होंने बाघ की जानकारी ली और उसके बाद लगभग 4 वर्षीय नर बाघ को जंगल में छोड़ने का आदेश दिया। बता दें कि यह बाघ 6 दिन पहले पनपथा परिक्षेत्र के बेल्दी गांव मे एक घर में घुस गया था और बिस्तर मे बैठकर आराम फरमा रहा था। इस दौरान उसने एक ग्रामीण को घायल भी कर दिया था। काफी मशक्कत के बाद वन्यप्राणी डॉक्टरों और वन अधिकारियों की टीम ने उसका रेस्क्यू कर उसे इन्क्लोजर में रखा गया था।

### निगरानी के लिए एक टीम तैनात

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि बाघ को मगधी परिक्षेत्र के जंगल में छोड़ दिया गया है। उसकी निगरानी के लिए एक टीम तैनात की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बाघ स्वस्थ है और शिकार भी कर रहा है।

### ▶ ताला बान्धवगढ-उमरिया सड़क मार्ग के किनारे दिखा टाइगर



**चिल्हारी नवभारत।** जिले के विश्व विख्यात राष्ट्रीय उद्यान वान्धवगढ में इन दिनों टाइगर कहीं किसी गांव में किसी के घर में आराम फरमाते एवं जंगल में या कभी बीच सड़क में अपने शिकार के चक्कर में देखने को मिल जाता है। टाइगर को देखकर पर्यटक रोमांचित हो जाते हैं और अपने कैमरे में कैद कर वीडियो वायलर करते हैं।

# शहपुरा में पेश की जा रही मानवता की मिसाल

▶ श्री राम मंदिर में नर्मदा परिक्रमावासियों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा



**शहपुरा नवभारत 4 जनवरी।** शहपुरा नगर के श्री राम मंदिर बाजार चौक में मां नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा का अनूठा उदाहरण प्रतिदिन देखने को मिल रहा है। श्री राम मंदिर समिति एवं नगर के भक्तजनों के सहयोग से यहां रोजाना लगभग 40 से 50 नर्मदा परिक्रमा वासियों को नि:शुल्क भोजन प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

सेवा कार्य केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि परिक्रमावासियों के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नगर के चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क इलाज कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। सुबह के समय परिक्रमा वासियों को चाय-नाश्ता भी प्रदान किया जाता है। ठंड के मौसम को देखते हुए ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था की गई है, वहीं स्नान के लिए गर्म पानी की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**इनका मिल रहा सहयोग**-इस पुनीत सेवा कार्य में समाजसेवी पार्षद सुरेन्द्र साहू, प्रमोद तिवारी, अमित साहू, प्रहलाद साहू, दीपक गुप्ता, संजू सोनी, सलभ साहू, प्रतीक तिवारी, निखिल साहू, विकास साहू, गोलू विश्वकर्मा, कैलाश सोनी, दीपक सोनी सहित कई लोग प्रतिदिन अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉक्टर रत्नेश द्विवेदी, डॉ. राजीव साहू, डॉ. ईश्वर सिंह ठाकुर, डॉ. प्रभात अवधिया, सर्वेश गुप्ता, डॉ. आनंद गोलदार, सुमित साहू, सागर साहू व ओम साहू भी निस्वार्थ भाव से सेवा में जुटे हैं। नगरवासियों द्वारा की जा रही यह सेवा मानवता का संदेश भी दे रही है।

# जिला अस्पताल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

▶ मरीजों को बेहतर इलाज सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

**डिंडोरी, नवभारत 4 जनवरी।** जिला चिकित्सालय डिण्डौरी में आखिरकार लंबे समय से चर्चा में चल रहा प्रभार परिवर्तन अमल में आ गया। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के आदेश से सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय राज को उनके पदभार से तत्काल प्रभाव से अलग कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय राज द्वारा 27 दिसंबर को दिए गए आवेदन के बाद यह कार्रवाई की गई। प्रशासनिक और चिकित्सकीय सेवाओं में किसी भी तरह की रुकावट नहीं आए इसके लिए कलेक्टर ने फैसला लेते हुए शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश सिंह मरावी को आगामी आदेश तक जिला चिकित्सालय का पूरा प्रभार सौंप दिया है।

**अस्पताल की कमान अब डॉ. मरावी के पास**-इस आदेश के बाद जिला अस्पताल की कमान अब डॉ. मरावी के हाथों में होगी। कलेक्टर ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अस्पताल में अनुशासन, व्यवस्थाएं और मरीजों को बेहतर इलाज सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। प्रभार परिवर्तन के इस फैसले से जिला अस्पताल में नई ऊर्जा और सुधार की उम्मीद की जा रही है। अब देखना होगा कि नई जिम्मेदारी के साथ डॉ. मरावी किस तरह स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हैं।



# श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं भागवत महापुराण का वर्णन आज से

▶ मां ज्वालाधाम में निकली कलश शोभायात्रा

**नौरोजाबाद नवभारत 4 जनवरी।** रेल्वे स्टेशन से महज चार किलोमीटर दूर स्थित पावन धाम पूरे देश में अपनी अलग शक्ति के रूप में पूजे जाने वाली आदिशक्ति मां करौंदा वाली के दरबार में रविवार को दोपहर एक बजे दिव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

इस शोभायात्रा में कथा वाचक विनयकांत त्रिपाठी, प्रधान पुजारी, बड़े महाराज, मंदिर के पंडा पुजारी, कथा श्रोता और वृदावन के विद्वान यज्ञाचार्य ब्राह्मण सीताराम महाराज द्वारा मां की स्तुति और मंत्रोचार से अभिमंत्रित श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ की पूजा आराधना और आदिशक्ति मां की आराधना की गई। मंदिर के अन्दर खचाखच भरे भक्तों के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

### शोभायात्रा में झांकियां भी रहीं शामिल

शोभायात्रा में बड़े महाराज के साथ संतो की टोली और सुंदर झांकियां शामिल थी। धर्मप्रेमियों से प्रधान पुजारी बड़े महाराज ने अपील की है कि आदिशक्ति मां ज्वाला दरबार में अपनी हाजरी लगाते हुए मां के दर्शन कर चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं भागवत महापुराण कथा ज्ञान गंगा रुपी प्रवाह में डुबकी लगाकर अपने जीवन को कृतार्थ करे।

# शिकायतों के बाद सीबीएमओ को हटाया

▶ आयुष्मान फर्जीवाड़े पर कलेक्टर का एक्शन

**डिण्डौरी, शहपुरा, नवभारत 4 जनवरी।** आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रोत्साहन राशि वितरण में सामने आए फर्जीवाड़े और गंभीर अनियमितताओं के मामले में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कड़ा रुख अपनाया है। विकासखंड शहपुरा में मिली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रशासनिक कार्रवाई की है, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार शहपुरा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी (सीबीएमओ) डॉ. सत्येन्द्र परस्ते को तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक व वित्तीय कार्यप्रभार से मुक्त कर दिया गया है। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहन्दवानी में संलग्न किया गया है, ताकि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जा सके।

**डॉ. रत्नेश को सौंपा गया प्रभार**-शहपुरा में व्यवस्था बनाए रखने के लिए डॉ. रत्नेश द्विवेदी, चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल शहपुरा को आगामी आदेश तक खण्ड चिकित्सा अधिकारी का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर की इस सख्त कार्रवाई को आयुष्मान योजना में पारदर्शिता, जवाबदेही और अनुशासन कायम करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि जनहित योजनाओं में किसी भी तरह की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# डॉ . विकास जैन बने जबलपुर संभाग संयोजक

▶ शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महाकौशल प्रांत की अहम बैठक आयोजित



**डिंडोरी ,नवभारत 4 जनवरी।** शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों को लेकर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महाकौशल प्रांत की प्रांत स्तरीय बैठक का आयोजन डिंडोरी जिले में किया गया। बैठक में शिक्षा जगत से जुड़े प्राचार्य, प्राध्यापक एवं न्यास के कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

बैठक में न्यास के राष्ट्रीय सह-सचिव ओम शर्मा ने शिक्षा के माध्यम से समाज और देश को बदलने का आह्वान करते हुए न्यास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने भविष्य में न्यास के प्रतिमान केंद्र की स्थापना की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। बैठक को क्षेत्र संयोजक एवं कुलाधिपति स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर डॉ. अजय तिवारी, प्रांत अध्यक्ष एवं कुलगुरु रीवा विश्वविद्यालय डॉ. राजेंद्र कुररिया, प्रांत संयोजक डॉ. नीलेश पाण्डेय, तथा सह संयोजक डॉ. सुखदेव बाजपेई ने संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय स्त्री शक्ति की राष्ट्रीय सचिव किरण शर्मा की उपस्थिति रही।

**प्रांत स्तर पर सौंपे गए दायित्व**-बैठक के दौरान संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए संभाग प्रभारियों की घोषणा की गई, जिसमें जबलपुर संभाग संयोजन डिंडोरी के डॉ. विकास जैन, रीवा संभाग मृगेंद्र सिंह, सागर संभाग डॉ. ब्रजेश तिवारी, शहडोल संभाग डॉ. मनीष शुक्ला, साथ ही प्रांत स्तर पर विभिन्न दायित्व भी सौंपे गए। व्यवस्था प्रमुख जगन दीप सिंह आनंद, वैदिक गणित संयोजक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, सह संयोजक अतीक खान, भारतीय भाषा मंच सह संयोजक डॉ. शुभम जैन, विद्यालय शिक्षा प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाहा एवं अनुज शुक्ला को नियुक्त किया गया।

# पेड़ से टकराई बाइक वनरक्षक की मौत

**नवभारत उमरिया 4 जनवरी।** जिले के परासी बैरियर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पदस्थ वनरक्षक अनिल यादव की मौत हो गई। बताया गया है कि अनिल यादव बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली परिक्षेत्र अंतर्गत गाढ़ावाह बीट में तैनात थे और नियमित गश्त पर निकले हुए थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई,हादसे के बाद वनरक्षक को गंभीर हालत में तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। खितौली



परिक्षेत्र अधिकारी स्वस्ति जैन ने बताया कि वनरक्षक की मौत ड्यूटी के दौरान हुई है। वनरक्षक अनिल यादव मूल रूप से जबलपुर के निवासी बताए जा रहे हैं। उनके परिवार में पत्नी और लगभग दो साल की एक मासूम बेटी है।

# जिले में 17 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापित होंगे

▶ निर्धारित प्रपत्र में 10 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित, प्राकृतिक खेती के 25 क्लस्टर बनाये गए

**नवभारत उमरिया 4 जनवरी।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढावा देने हेतु नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत उमरिया जिले में प्राकृतिक खेती के 25 क्लस्टर बनाये गए हैं, जिसमें प्रत्येक 3 क्लस्टर पर 2 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) की स्थापना की जानी है।

बीआरसी स्थापना हेतु स्थानीय कृषक, कृषि उद्यमी, किसान उत्पाद संगठन, स्वयं सहायता समूह, प्राथमिक सेवा सहाकारी समिति मर्या आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व बीटीएम कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 10 जनवरी तक परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय/विकासखण्ड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व बीटीएम कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

**5 किमी के दायरे में गौशाला होना आवश्यक**-आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजो में संस्था का पंजीयन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, सदस्यों की सूची, उत्पादन भण्डार व्यवस्था कम से कम दो वर्षो का प्राकृतिक खेती का अनुभव, बीआरसी संचालन का प्लान देना होगा। आवेदक को अपने खेत में जैव इनपुट का उपयोगकर्ता होना चाहीये। बीआरसी के पास पशुधन, पौधों पर आधारित बायोमास जैसे कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिये, यदि गौमूत्र और गोबर की आपूर्ति स्वयं नहीं हो तो 5 किमी. के दायरे में गौशाला होना आवश्यक है।

**स्टार्टअप को प्रति माह 10 हजार रूपये तक की मिलेगी सहायता**-महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा प्रदेश में स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति के अंतर्गत विभिन्न सहायता योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके तहत 24 फरवरी के बाद स्थापित होने वाले पात्र स्टार्टअप को 12 माह की अवधि तक प्रतिमाह 10,000 रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। योजनाओं की जानकारी एवं लाभप्राप्त करने के इच्छुक स्टार्टअप जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेल बिल्डिंग के पीछे संपर्क कर सकते हैं।



# बच्चों ने जानी वन्यजीवों की अहमियत

▶ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अनुभूति कैंपों का आयोजन

**चिल्हारी नवभारत 4 जनवरी।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बच्चों के लिए अनुभूति कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों का उद्देश्य बच्चों को वन और वन्य प्राणियों के महत्व से अवगत कराना है। मध्य प्रदेश में ऐसे कुल 950 कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिनमें लगभग 1 लाख 20 हजार बच्चे शामिल होंगे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों में ये कैंप लगाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में खितौली परिक्षेत्र के कामतागढी क्षेत्र में आयोजित एक अनुभूति कैंप में 120 बच्चे पहुंचे। यहां अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) के. एल. कृष्ण मूर्ति, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय, उप संचालक पी. के. वर्मा और खितौली परिक्षेत्र की अधिकारी स्वास्ति जैन सहित अन्य अधिकारी व मास्टर ट्रेनर कमलेश नंदा मौजूद रहे।

### बच्चों को जंगल का भ्रमण कराया गया

अधिकारियों ने बच्चों को वन और वन्य प्राणियों की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया। केएल कृष्णमूर्ति ने बच्चों से बातचीत करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण दिया, यह समझाते हुए कि गांव में रहकर भी पढ़ाई और मेहनत से आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने जंगली जानवरों की सुरक्षा और वन्य प्राणियों के बारे में भी बताया। बच्चों को जंगल का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें महुआ, पलाश और तेंदु जैसे पेड़ों की विशेषताओं और उपयोगिता के बारे में बताया गया।

### ▶ मिलेट्स मेला में सैलानियों को खूब भा रहा लोकल स्वाद

**चिल्हारी नवभारत।** बांधवगढ़ ताला में सैलानियों का हुजूम लगा है और इन्हीं सैलानियों के बीच ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा लगाई गई मिलेट्स मेला की बहुत धूम है। प्रति दिन सैलानियों द्वारा मेले में लगे लोकल व्यंजनों को बहुत पसंद किया जा रहा है। मेले में सैलानियों द्वारा मिलेट्स से बने पौष्टिक व्यंजनों का आनंद लिया जा रहा है। पार्क भ्रमण पर आने वाले टूरिस्ट को लोकल देशी व्यंजनों का स्वाद और अपनी लोकल परंपरा की जानकारी मिल सके इसी उद्देश्य से इस वर्ष मेले का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस से आज दिनांक तक कुल 36980 रु की कुल बिक्री की गई, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है।

# बाल्मिकी ने संभाला पुलिस चौकी अमरपुर का पदभार

**चिल्हारी नवभारत।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत पुलिस चौकी अमरपुर में नवागान्तुक चौंकी प्रभारी बाल्मिकी प्रसाद के पदभार संभालते ही क्षेत्र के असमाजिक तत्वों एवं रेत माफियाओं में खलवली मची हुई है क्षेत्र में शांति का वातावरण बना हुआ है बाल्मिकी प्रसाद मिलनसार एवं हसमुख स्वभाव के धनी व्यक्ति है। इनके कार्यों की सराहना जनमानस द्वारा की जा रही है।



# जनधन खाता धारकों से हो रहा भेदभाव : डेहरिया

▶ बैंक मित्र संगठन के वार्षिक सम्मेलन में उठी आवाज

**डिंडोरी, नवभारत 4 जनवरी।** मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन, जिला डिंडोरी का वार्षिक सम्मेलन 4 जनवरी को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ओंकार सिंह मरकाम तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य केके शर्माउपस्थित रहे। जिले के विभिन्न बैंकों के बैंक मित्र एवं बैंक सखी बड़ी संख्या में सम्मेलन में शामिल हुए।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दीनदयाल डेहरिया ने कहा कि सरकार एवं बैंक, प्रधानमंत्री जनधन खाता धारकों तथा बैंक मित्रों के साथ निरंतर भेदभाव कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में जनधन खातों के व्यापक अभियान में बैंक मित्रों की मेहनत से देश ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त किया था, किंतु आज स्थितियां विपरीत हैं और बैंक मित्रों को उनका उचित प्रतिफल नहीं मिल रहा है।

**कंपनियां मनमाने ढंग से भुगतान में कटौती कर रही**-अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बैंकों के साथ काम कर रही कंपनियां मनमाने ढंग से भुगतान में कटौती कर रही हैं, जिससे बैंक मित्रों की आय बढ़ने के बजाय घट रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जनधन योजना के खाता धारकों को बैंकों में अक्सर सर्वर नहीं है, कल आना, साहब छुट्टी पर हैं, जैसे कारणों से सेवा देने से इंकार किया जा रहा है, जो गरीब हितैषी योजना की मूल भावना के विपरीत है।

**बैंक मित्रों के हित में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे : विधायक**-विधायक ओंकार सिंह मरकाम ने भी सम्मेलन में बैंक मित्रों की समस्याओं को उचित मंचों पर उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे सदन में इस विषय को रखेंगे तथा विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर बैंक मित्रों के हित में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सम्मेलन में जिलेभर से लगभग 100 बैंक मित्र शामिल हुए। उपस्थित प्रमुख सदस्यों में देवराज कछवाहा, आनंद सिंह, कुंजन, महेंद्र सिंह साहू, कमलेश झरिया, सरोज झरिया, अनिल राय, दिनेश सारीवान, प्रमोद बर्मन, संगीता गवले, जगन्नाथ प्रसाद ठाकुर, प्रवीण वनवासी आदि शामिल रहे।



# फर्जी पत्रकारों से खरीदी केन्द्रों के प्रभारी परेशान

▶ वास्तविक पत्रकारों की छवि हो रही खराब

**नवभारत उमरिया 4 जनवरी।** उमरिया जिले में इन दिनों फर्जी पत्रकारों के हौसले बुलंदी पर हैं। कोई भी अधिकारी इनकी आईडी चेक नहीं करता। गत वर्ष कलेक्टर ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आदेश दिया था कि आपके थाना एवं चौकी क्षेत्र में जितने पत्रकार हैं सबकी आईडी जमा करें एवं कौनसा पत्रकार किस संस्थान से जुड़ा है इसकी समस्त जानकारी इकठ्ठा करे एवं फर्जी पत्रकारों के ऊपर कार्यवाही करें।

उपरोक्त आदेश का पालन कुछ दिन हुआ फिर ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया, जिससे फिर से फर्जी पत्रकारों की भीड़ लगीं हुई है। इससे वास्तविक पत्रकारों की छवि ख़राब हो रही है। इन दिनों फर्जी पत्रकारों के निशाने पर क्षेत्र के डाक्टर एवं धान खरीदी केन्द्र है, जो कि आए दिन किसी न किसी को अपना निशाना बनाते हैं।

**शासन को दे रहे गलत जानकारी**-धान खरीदी केन्द्र इन्दवार भरेवा अमरपुर कोटरी गड़रिया टोला पड़वार आदि खरीदी केन्द्र के प्रभारियों ने नवभारत को बताया कि सभी खरीदी केन्द्रों में शासन के निर्देशानुसार खरीदीं कार्य चल रहा है, फिर भी कुछ लोगों द्वारा शासन तक गलत जानकारी दी जाती है, जिससे हम लोगों की छवि ख़राब होती है। सभी खरीदी केन्द्रों में जिले से कोई न कोई अधिकारी प्रतिदिन खरीदी केन्द्रों में चेकिंग करते हैं। कलेक्टर से मांग की गई है कि जिले के सभी पत्रकारों के प्रमाण पत्र चेक कराएं जाए एवं फर्जी पत्रकारों के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाये।